Monochrome Glass Shells

2144. SHRI KAMAL MORARKA: Will the PRIMB MINISTER be pleas-ed to state:

(a) whether any proposal has been recently cleared by Foreign Investment Board for manufacture of monochrome glass shells; and

(bl if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECH-NOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT. ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): (a) *Yes,* Sir.

(bi A proposal from M/s. Sumitomo Corporation Ltd.o New Delhi was approved for foreign collaboration with (1) Nippon Electric Glass Co. Ltd., Japan (2) M/s. Sumitomo Corporation Japan for the manufacture of Monochrome Glass Shells.

नेहरू शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के अधीन मध्य प्रदेश के लिए मंजूर की गयी परियोजनाएं

2145. **श्री अजीत जोगी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेहरू शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के लिए किन-किन बड़ी परियोजनाओं के मंजूर किये जाने की संभावना है ;

(ख) इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत कितनी होगी, और इनके कब तक शुरू हो जाने की संभावना है ;

(ग) क्या सरकार को इन परियोज-नाओं के अंतर्गत इन्दौर में नेहरू बाल चिकित्सालय (500 बिस्तरों वाला) को शामिल किये जाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो क्या इस प्रकार के कार्यक्रम में शामिल किये जाने का विचार है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला दीक्षित) (क) मध्य प्रदेश सरकार ने लाल बाग, इन्दौर में एक नेहरू केन्द्र की स्थापना की है, जिसका उद्घाटन 14 नवम्बर, 1988 को किया गया था। राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में जिला संस्कृति एवं नेहरू विज्ञान केन्द्रों तथा जवाहरलाल नेहरू के दर्शन के अनुरूप परम्परा और आधुनिकता, विज्ञान और मानविकी में बहुआयामी अनुसंधान और अन्योन्यक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय विचार संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। कोष की उपलब्धता पर ही इन परियोज-नाओं को स्थापित किया जाएगा।

(ख) (i) प्रत्येक जिला संस्कृति और विज्ञान नेहरू केन्द्र पर अनुमानित व्यय 50 लाख रुपये होगा।

(ii) राष्ट्रीय विचारसंस्थान पर अनुमानित व्यय 2 करोड़ रुपए होगा।

(ग) जी, हां।

(घ) जी, नहीं।

Manufacture of Bofors type Guns in India

2146. SHRI ARANGIL SREEDHARAN; Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government have plana to manufacture Bofors tyPe Guns in India with the help of some Swedish firm;

(b) if so, whether Government have thought of miking changes ln the whole system especially in the complete network to make most effective and sophisticated defence hardwares; and

(c) if sq, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF DEFENCE PRODUCTION AND SUPPLIES IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI); (a) The Governmen! have plans to manufacture 155 mm FH 77B Gun as provided in the Licence Agreement signed between Government of India and M/s. BOFORS. Sweden.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

नेत्रदान करने वाले

2147. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मृत्यु के पश्चात् अपने नेत्रदान करने की प्रतिज्ञा करने वालों की अब तक राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में मृत्यु के बाद नेत्र दान किये जाने के कितने-कितने मामले प्रकाश में आये;

(ग) "नेत्र दान योजना" के अन्तर्गत कितने नेत्रहीन व्यक्तियों को लाभ पहुंचा है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) और (ख) अपेक्षित सूचना विवरण I और विवरण-II में दी गई है।

(ग) उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार नेत्रदान योजना के अन्तर्गत 7,414 व्यक्तियों को लाभ पहुंचा है।

विवरण-I

क्र० सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	प्रतिज्ञा करने वालों की कुल संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	2,544
2.	असम	736
3.	बिहार	6,368
4.	गुजरात	5,319
5.	हरियाणा	3,140
6.	हिमाचल प्रदेश	1,392
7.	जम्मू और कश्मीर	568
8.	कर्नाटक	2,660
9.	केरल	3,888
10.	मध्य प्रदेश	10,433
11.	महाराष्ट्र	16,735
12.	उड़ीसा	1,695
13.	पंजाब	5,381
14.	राजस्थान	6,507
15.	तमिलनाडु	2,007
16.	उत्तर प्रदेश	20,780
17.	पश्चिम बंगाल	2,609
18.	दिल्ली	59,240
	योग :	1,50.000

--1988 तक